**Nai Dunia, 01st November 2017, Page - 04**

# आईआईटी के दीक्षांत समारोह में 202 विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**इंदौर।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी- इंदौर) का पांचवां दीक्षांत समारोह 4 नवंबर को होगा। इसमें इसरो के चेयरमैन एएस किरन कुमार भी शिरकत करेंगे। समारोह में 202 विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें मेडल प्रदान किए जाएंगे। 2013-17 बैच मई में पास आउट हो चुकी है। समारोह की रिहर्सल के लिए इन विद्यार्थियों को 3 नवंबर को उपस्थित होने को कहा है। समारोह में बीटेक के 118, पीएचडी के 37, एमएससी के 22 व एमटेक के 25 विद्यार्थी शामिल हैं। मेडल 3 नवंबर की रिहर्सल में रहने वाले विद्यार्थियों को ही दिए जाएंगे। बाकी को मेडल व उपाधि डाक द्वारा भेजी जाएगी। जनसंपर्क अधिकारी डॉ. निर्मला मेनन का कहना है पासआउट बैच को समारोह के बारे में बता दिया है।